हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, शनिवार 8 नवंबर 2025

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगर…



08 सात माह में जिले में मिले साढ़े 7 हजार अति …



## खबर संक्षेप

### इस्कॉन मंदिर उद्घाटन पर आज होगी चर्चा

**विदिशा।** इस्कॉन श्रीश्री राधा श्यामसुंदर जी मंदिर, अहमदपुर रोड स्थित परिसर में आज दोपहर 3 बजे भव्य मंदिर उद्घाटन एवं श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संबंधी प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति द्वारा पत्रकारों को कार्यक्रम की रूपरेखा, मुख्य अतिथियों तथा आगामी आध्यात्मिक उत्सवों की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है।

### मातृशक्ति पथ संचलन आज निकाला जाएगा

**विदिशा।** शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में दोपहर 2 बजे मातृ शक्ति पथ संचलन निकाला जाएगा। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से प्रारंभ होकर रीठाफटक चौराहा , बजरिया चौराह, लोह बाजार , बड़ा बाजार , तिलक चौक, निकासा रोड , थाना कोतवाली, माधव चौराह, मटके वाली गली से सरस्वती विद्यालय तलैया में वापस आएगा।

### गुलाबगंज मंडल की कार्यशाला आयोजित

**गुलाबगंज।** गुलाबगंज मंडल में निर्वाचन से संबंधित एसआईआर गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन विधायक मुकेश टंडन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक टंडन ने मंडल के सभी 52 बूथों के अध्यक्षों और बीएलए को निर्देश देते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में अरविंद श्रीवास्तव एवं मुकेश चौकसे ने भी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन किया गया।


### राहुल राज जिले के प्रशिक्षण प्रभारी बने

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में घोषित नियुक्तियों में प्रवक्ता राहुल राज को विदिशा



जिले का नया प्रशिक्षण प्रभारी बनाया है। राहुल राज के अनुभव और सक्रिय नेतृत्व से कांग्रेस की विचारधारा व संगठनात्मक क्षमता को और मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण विभाग का यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जिले में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा।

### नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



**विदिशा।** नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद आकाश शर्मा का विदिशा आगमन हुआ। इस दौरान कांग्रेस नेता अशोक वीरसिंह (बिप्पे) गजार, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष संयोग राज जैन, विक्रम, नीलेश, शैलेन्द्र जाटव, गोलू शर्मा, यश शर्मा, संग्राम गुर्जर, अभिराज शर्मा,सोमेश शर्मा,पार्थ रघुवंशी, अनुज पासी एवं सभी युवा कांग्रेस साथियों ने उनका स्वागत किया।

### हस्ताक्षर अभियान

**विदिशा।** चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी कल्याण समिति मप्र के आह्वान पर मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों ने एम्प्लाई कोड बनाए जाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गजेंद्रपाल सिंह झाला ने की। नर्सिंग अधीक्षक पवित्रा मकवाना, उपाध्यक्ष सुनैना डेहरिया, लव चकोटिया सहित कार्यकारिणी सदस्य और बड़े संख्या में नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने सहभागिता कर एकजुटता दिखाई।


# जिपं अध्यक्ष की समीक्षा बैठक में लापरवाह विभागों पर कार्रवाई के सख्त निर्देश

> बिजली कंपनी के जिन अधिकारियों के अनुरोध पर तय की गई थी बैठक वह ही नहीं पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्य, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था और योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

बिजली कंपनी के महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक बासौदा बैठक में शामिल नहीं हुए। जिस पर जिपं अध्यक्ष ने तीखी नाराजगी जताई। क्योंकि बैठक इन्हीं अधिकारियों के अनुरोध पर तय हुई थी। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जिला पंचायत सीईओ को दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी करने के लिए कहा है।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष।

## अन्य विभागों को स्पष्ट निर्देश

आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी अंकित पटेल को अगली बैठक में जिलाधिकारी के साथ विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जल निगम के अधिकारियों को सात वर्ष से लंबित एक योजना की विशेष जांच कर उसे शीघ्र पूर्ण करने तथा आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए वैकल्पिक जल प्रबंधन की तैयारी करने को कहा गया। अध्यक्ष रघुवंशी ने कहा जनता के कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## तीन बैठकें हो गईं पर नहीं पहुंचे लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शोकॉज नोटिस

कार्यपालन यंत्री की लगातार तीसरी अनुपस्थिति पर अध्यक्ष ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके विरुद्ध शोकॉज नोटिस जारी करने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि अगली बैठक में अनुपस्थिति पाए जाने पर सामान्य प्रशासन समिति में दंड तथा सामान्य सभा में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। गारंटी पीरियड वाली सड़कों की मरम्मत पूर्ण करने के बाद ही परफॉर्मेंस राशि जारी करने के निर्देश दिए गए। वर्ष 2021 से लंबित एक कार्य को जनवरी तक पूर्ण करने और बासौदा रिंग रोड पर तेजी से डामरीकरण एवं पुल-पुलिया कार्य करने को भी कहा गया।

## मॉडलरेट घोषित-मॉडल रेट पर सोयाबीन बिकने पर मिलेगा लाभ

# भावांतर योजनाः जिले के 9,323 किसानों को मिलेगा 1308 रु. प्रति क्विंटल का लाभ

***जिले के 9 हजर 332 किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिलेगा। 24 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच जिन किसानों ने सोयाबीन की उपज बेची थी उन्हे भावांतर का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ उन किसानों को भी मिल सकता है जिनकी उपज मॉडल रेट से काम दाम पर बिकेगी, शर्त यह है की किसान की उपज एफएक्यू होना चाहिए। खास बात यह है कि किसान की उपज एफएक्यू है तो वह मॉडल रेट से अधिक पर ही बिकेगी।***

> मंडी की पर्ची पर एफएक्यू का कालम ही नहीं , कौन कर रहा जांच?

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत विदिशा जिले के किसानों को सोयाबीन फसल पर बड़ा लाभ मिलने जा रहा है।

जिले में कुल 59 हजार 418 किसानों ने सोयाबीन बेचने पंजीयन कराया था। 24 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच 9 हजार 323 किसानों ने अपनी उपज मंडियों में बेची है। इस अवधि में किसानों द्वारा कुल 1 लाख 70 हजार 455 क्विंटल सोयाबीन बेचा गया। शासन द्वारा सोयाबीन का मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जबकि समर्थन मूल्य 5 हजार 328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। इस प्रकार मॉडल रेट और समर्थन मूल्य के बीच 1308 रुपए प्रति क्विंटल का अंतर बन रहा है, वही किसानों को लाभ के रूप में दिया जाएगा। मंडी सचिव नीलकमल वैद्य ने बताया कि जिन किसानों ने मॉडल रेट पर या उससे अधिक मूल्य पर उपज बेची है, उन्हें भावांतर राशि सीधे उनके पंजीकृत बैंक खाते में प्राप्त होगी।

व्यापारी अपने हिसाब से सोयाबीन की उपज का दाम तय कर रहे हैं। औसतन उपज 4 हजार से 4200 रुपए क्विंटल के बीच खरीदी जा रही है। मंडी सूत्र बताते हैं कि सोयाबीन खरीदने वाली सोया मिलों ने दाम अधिकतम 4500 रुपए प्रति क्विंटल तय किए हैं। अब व्यापारी इससे अधिक दाम पर खरीदी करेंगे तो उन्हे घाटा होगा। जब तक कंपनी दाम नहीं बढ़ाती तब तक मंडी में सोयाबीन के दाम नहीं बढ़ेंगे। इधर मंडी सचिव नीलकमल वैद्य का कहना है कि मॉडल रेट से कम दाम मिलने पर भी किसान को भावांतर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकी सचिव का यह भी कहना है कि मॉडल रेट से कम भाव मिलने पर भी भांवातर मिल सकता है। लेकिन शर्त यह है कि उपज एफएक्यू की श्रेणी में होना चाहिए। फसल एफएक्यू क्वालिटी की होगी तो वह मॉडल रेट से अधिक भाव पर ही बिकेगी।

### साफ-सुथरी और सूखी उपज लाएं किसान

मंडी सचिव ने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी उपज को साफ एवं पूरी तरह सुखाकर ही मंडी में लाएं। साफ और गुणवत्ता युक्त उपज ही एफएक्यू में आती है, जिससे किसान योजना का पूरा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसान की सोयाबीन 4500 रुपए प्रति क्विंटल में भी बिकती है, तो भी उसे 5328 और विक्रय दर के अंतर की राशि दी जाएगी। वहीं मॉडल रेट 4020 से कम मूल्य पर बिकने वाली उपज पर भावांतर का लाभ नहीं मिलेगा। मंडी समिति बार बार मंडल में यह ऐलान करवा रही है।

### एफएक्यू की जांच करने वाला कौन?

मंडी में नीलामी बोली के दौरान मंडी कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी को एफएक्यू की जांच करना है, लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था मंडी में है ही नहीं। यहां तक की मंडी की पर्ची पर भी एफएक्यू का कॉलम नहीं हैं। ऐसे में यदि किसी किसान की उपज सूखी, साफ सुथरी और चमकदार है फिर भी व्यापारी उसे मॉडल रेट से कम दाम पर खरीद रहा है तो किसान भावांतर के लाभ से वंचित रह जाएगा।

### वर्कशॉप में चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने अहमदपुर रोड चुंगी नाका स्थित वर्कशॉप से चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत आरोपी से 3 हजार 500 नगद सहित लगभग 30 हजार का चोरी का माल बरामद किया गया है। बरामद सामान में 2 नग 2 इंच ग्राइंडर, 2 नग 5 इंच ग्राइंडर, 2 पुराने ग्राइंडर और एक पुराना गैस होल्डर शामिल हैं।

### गुलाबगंज व अहमदपुर मंडल में कार्यशाला हुई

**विदिशा।** गुलाबगंज और अहमदपुर मंडल में एसआईआर पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। जिनमें विदिशा विधायक मुकेश टंडन मुख्य अतिथि रहे। गुलाबगंज मंडल की कार्यशाला में उन्होंने सभी 52 बूथ अध्यक्षों और बीएलए को निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश दिए। अरविंद श्रीवास्तव और मुकेश चौकसे ने भी मार्गदर्शन किया। अहमदपुर मंडल की कार्यशाला में भी विधायक टंडन ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर की प्रमुख प्रक्रियाओं व जिम्मेदारियों की जानकारी दी।

### लघु वेतन कर्मचारी संघ की 15 मांगें, सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** लघु वेतन कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों के संबध में शुक्रवार को मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव व कलेक्टर के नाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश मालवीय ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में ज्ञापन सौंपा गया है कि यदि कर्मचारियों की मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो आने वाले चरणों में आंदोलन किया जाएगा।

## पूर्व सांसद के निवास पर हुई कांग्रेसियों की बैठक

# 5 विधानसभा में 7 सदस्यीय समितियां गठित की जाएंगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रतापभानु शर्मा के निवास पर कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शर्मा ने एसआईआर कार्यक्रम को लेकर अपनी बात रखी।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में 7 सदस्यीय समितियां गठित की जाएंगी। प्रत्येक समिति में एक प्रभारी (संयोजक) तथा छह सदस्य शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त ब्लॉक अध्यक्ष, संभावित विधानसभा उम्मीदवार, नगर पालिका एवं नगर परिषदों के पार्षद उम्मीदवार, मंडल व सेक्टर अध्यक्ष सहयोगी सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय से बीएलए सूची और आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने की जिम्मेदारी अंकुर गुप्ता को सौंपी गई। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि विधानसभा स्तर पर पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें एसआईआर प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, जिला प्रशिक्षण प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, उम्मीदवार, ब्लॉक अध्यक्ष एवं सभी बीएलए उपस्थित रहेंगे।

एसआईआर प्रक्रिया में बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए राजेन्द्र गुप्ता और सुजीत देवलिया को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया। बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिलाकारी, विनोद कुमार शिवहरे, रानी अहिरवार, अरुण अवस्थी, सुनील दांगी, जीनेश जैन, राउक खान, आशीष माहेश्वरी, धर्मेन्द्र यादव, दीपक शर्मा एवं मुबीन खान सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### गोमाता की पूजन कर गो भक्तों को दी श्रद्धांजलि



**विदिशा।** माधवगंज चौराहे पर अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ सर्वदलीय गो रक्षा अभियान समिति एवं करपात्री फाउंडेशन के तत्वावधान में 7 नवंबर 1966 के गो-भक्त शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। पंडित बृजमोहन शास्त्री ने बताया कि वे 40 वर्षों से यहां प्रतिवर्ष श्रद्धांजलि अर्पित करते आ रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि 1966 में संसद के सामने गोहत्या बंदी की मांग पर हुए ऐतिहासिक आंदोलन में सरकार द्वारा लाठीचार्ज व गोलीबारी से कई गौ भक्त शहीद हुए थे। कार्यक्रम में गौ माता की पूजन-अर्चना की गई और उन्हें राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग रखी गई। कई संत-महंत व गो भक्त उपस्थित रहे।

## सरपंच और सचिव पर फर्जीवाड़े के आरोप, एसडीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ

हैदरगढ़ उप तहसील के जनपद पंचायत ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत जामुन मड़िया के ग्राम तालवेहट में मनरेगा योजना के तहत हुए खेत तालाब निर्माण को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम के हितग्राही विजय सिंह लोधी ने तत्कालीन पंचायत सचिव अरुण कुमार विश्वकर्मा पर रिश्वतखोरी और फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगाए हैं।

विजय सिंह के अनुसार मई–जून में गर्मी के दौरान उनके खेत पर पोकलेन मशीन से मात्र 8 घंटे में डबरी खुदाई कराई गई। मशीन का भुगतान कराने के नाम पर सचिव ने उनसे 1 लाख रिश्वत ली और यह कहकर गुमराह किया कि मनरेगा से राशि उनके खाते में वापस आ जाएगी। लेकिन अब तक उन्हें कोई भुगतान नहीं मिला। आरोप है कि इसके विपरीत पंचायत रिकॉर्ड में 2 लाख से अधिक राशि मजदूरों के नाम से निकाल ली गई, जबकि वास्तविक कार्य मशीन से कराया गया।

इस पूरे मामले में जब तत्कालीन सचिव अरुण कुमार विश्वकर्मा से बात की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि तालाब निर्माण मनरेगा मानकों 65 फीट लंबाई, 65 फीट चौड़ाई और 10 फीट गहराई के अनुसार कराया गया है तथा उन्होंने किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली।

### जांच कराई जाएगी

मामले की जांच कराई जाएगी और आरोप सत्य पाए जाने पर संबंधित सचिव के खिलाफ कार्रवाई होगी। **-जितेंद्र जैन,** सीईओ जनपद पंचायत ग्यारसपुर

### कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद टिपानिया की भजन संध्या हुई

**आनंदपुर।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा ब्रह्मलीन संत रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से मालवा के सुप्रसिद्ध कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया की भजन संध्या का आयोजन सद्गुरुनगर आनंदपुर में किया गया। ट्रस्ट के रवि उपाध्याय ने बताया कि संत कबीर की वाणी को मालवी लोक शैली में जन-जन तक पहुंचाने में टिपानिया जी की साधना अद्वितीय है। तंबूरा, खड़ताल, मंजीरा, ढोलक और हारमोनियम जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उनकी प्रस्तुतियां श्रोताओं को गहरी आध्यात्मिक अनुभूति कराती हैं। कबीर दर्शन के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित टिपानिया को शिखर सम्मान (2005), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2007) और पद्मश्री (2011) से सम्मानित किया जा चुका है।

## महाराज अग्रसेन पर टिप्पणी से अग्रवाल समाज में भारी आक्रोश

# अमित बघेल पर रासुका के तहत कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल द्वारा महाराज अग्रसेन, भगवान झूलेलाल और देश के महापुरुषों पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में अग्रवाल समाज में तीव्र आक्रोश है। शुक्रवार को सैकड़ों समाजजन कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन को ज्ञापन सौंपकर बघेल पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की।

समाज ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि 20 अक्टूबर को दिए गए बयान में बघेल ने अग्रवाल समाज के आराध्य देव महाराज अग्रसेन, सिंधी समाज के भगवान झूलेलाल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित





दीनदयाल उपाध्याय के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया, जिससे करोड़ों लोगों की धार्मिक व सामाजिक भावनाएं आहत हुई हैं।

घनश्याम बंसल ने बताया कि भारत सरकार ने अग्रसेन महाराज के सम्मान में डाक टिकट तक जारी किया है और अग्रवाल समाज देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 20 प्रतिशत योगदान देता है। ऐसे में उनके आराध्य देवता का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मनमोहन बंसल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन और देशव्यापी बंद का आह्वान करेंगे। इस दौरान विभिन्न समाजों के लोगों ने भी अग्रवाल समाज का समर्थन करते हुए बयान की कड़ी निंदा की।

## गुलाबगंज मंडल में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ, विधायक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



**गुलाबगंज।** शुक्रवार को गुलाबगंज मंडल में सांसद खेल महोत्सव का विधायक मुकेश टंडन ने शुभारंभ किया। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक श्री टंडन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का निर्माण करते हैं। उद्बोधन के बाद विधायक और बच्चों के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों ने जीत हासिल की। स्व-सहायता समूह की टीम 'बी' विजेता रही, जबकि चम्मच दौड़ में गोल्ड मेडल पाने वाली टीम को विधायक ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीओ शशि मिश्रा, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद विधायक ने ग्राम गूलरखेड़ी में जनसुनवाई कर प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किया।

## कलेक्टर ने स्कूल व गोशाला की क्रॉस मॉनिटरिंग की

# अनियमितताएं मिलीं, डीपीसी, बीआरसी पर गिरी गाज

> निरीक्षण में मिलीं अनियमितताएं कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लटेरी तहसील के ग्राम बाजना में औचक निरीक्षण कर विद्यालय एवं गौशाला व्यवस्थाओं की क्रॉस मॉनिटरिंग की। उन्होंने एकीकृत माध्यमिक शाला में छात्र उपस्थिति, शिक्षकों की हाजिरी, मिड-डे मील, शौचालय और परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने श्रीकृष्ण गौशाला का निरीक्षण कर पशुओं की देखभाल, चारा-पानी की उपलब्धता और साफ-सफाई की स्थिति जांची। उन्होंने प्रबंधन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि पशु सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ समय पर और सही प्रकार से आमजन तक पहुंचे, इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।



### डीपीसी को नोटिस बीआरसी का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश

कलेक्टर के निरीक्षण में लटेरी की ग्राम पंचायत उनारसी कला में भी अनियमितताएं मिली हैं। उन्होंने डीपीसी को शोकाज नोटिस, बीआरसी का 3 दिन का वेतन काटने तथा एकीकृत माध्यमिक शाला बाजना के तीन शिक्षक राजेश, बृजेश और दीनानाथ का वेतन काटने के आदेश दिए। कक्षा में बाइक रखने पर शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। बाजना गौशाला में लापरवाही पर दो एवीएफओ को शोकाज जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-5710
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7600
चना
न्यूनतम भाव-3620
उच्चतम भाव- 5870
मसूर
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7000
उड़द
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5951
मक्का
न्यूनतम भाव- 750
उच्चतम भाव- 1950
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3230
धान
न्यूनतम भाव-500
उच्चतम भाव-3021
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2360
उच्चतम भाव-3200
बटरी
न्यूनतम भाव- 2670
उच्चतम भाव- 2670

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 19956 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### चोर सीसी टीवी कैमरे में हुआ कैद



**गंजबासौदा।** गुरुवार को जला मील परिसर के पास एक मकान में शाम के समय एक अज्ञात चोर गेट के ऊपर से घर में घुसा और मकान के अंदर से चने की बोरी लेकर भाग गया। चोरी की पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई।

### सर्दी में हुई वृद्धि

**गंजबासौदा।** विगत दो दिनों से इलाके भर में सर्दी ने पुनः दस्तक दी है। सुबह एवं शाम के समय लोगों को पहले की अपेक्षा अधिक सर्दी का अहसास होने लगा है। लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म पेय पदार्थों एवं गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। वहीं बाजार में भी गर्म कपड़ों की मांग बढ गई है। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों ने भी गर्म कपड़ों का स्टॉक करके रख लिया है। वहीं अनेक किसानों द्वारा रबी फसलों की बुआई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, मौसम में ठण्डक रबी फसलों के लिए फायदेमंद है। वेबसाइटों ने आगामी दिनों में सर्दी के जोर पकडने के संकेत दिएहैं।

# डॉल्फिन के स्काउट्स ने भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने व वंदे मात्रम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डॉल्फिन विद्यालय के स्काउट एवं विद्यार्थियों द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय में संगीत के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया गया। प्रार्थना सभा में स्काउट मास्टर संदीप जैन द्वारा स्काउट एंड गाइड की स्थापना के बारे में बताया गया एवं स्काउट की आवश्यकता व स्काउट के सिद्धांत, व कार्यों के बारे में विस्तार से सभी



को परिचित कराया। तत्पश्चात नगर की प्रथम नागरिक नगर पालिका



अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव, शहर के थाना प्रभारी संजय वेदिया, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, विकास खण्ड स्रोत समन्वयक बृजेंद्र रघुवंशी, संकुल प्राचार्य, शासकीय जनचिकित्सालय के चिकित्सक, जन शिक्षा केंद्र के प्राचार्य, नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, डॉल्फिन के प्राचार्य संदीप जेटली, शहर के जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित, अन्य विभागों के अधिकारियों को भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय से प्राप्त बैज डॉल्फिन विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्काउट मास्टर संदीप कुमार जैन के नेतृत्व में जाकर लगाये। उपर्युक्त सभी को भारत स्काउट गाइड के आदर्शों-कार्यों से परिचित कराकर भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि अभी तक डॉल्फिन विद्यालय के 6 स्काउट्स राष्ट्रपति अवॉर्ड व 22 स्काउट राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अनेक स्काउट्स गाइड मौजूद रहे।


### अनेक जगहों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा गया

# वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में हुए अनेक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








शुक्रवार को वन्दे भारत कार्यक्रम अन्तर्गत वन्देमात्रम गीत के 150 बर्ष पूर्ण होने पर नगर में अनेक शासकीय, अशासकीय संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर तहसील परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं म.प्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव के वर्चुअल प्रसारण को सुना। वहीं शासकीय उत्कृष्ठ उमा विद्यालय में शिक्षक, शिक्षिकाओं, छात्र, छात्राओं ने राष्ट्रीत गीत वंदे मात्रम का गायन किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, तहसीलदार अरविन्द यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, बीआरसी , नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य मौजूद थे। वहीं शासकीय विद्यालय सेमरी के भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय गीत के महत्व व इतिहास पर चर्चा की गई। शुभारंभ मे पूर्ण राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सस्वर गायन किया गया। मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक व चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया वंदे मातरम मात्र एक गीत नही बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है, यह ऐसा उदघोष है, जो बोले उसकी सोई हुई आत्मा को जगा दे। आजादी के लंबे चले समर मे सैकडो क्रांतिकारी इस घोष की जय जयकार कर शहीद हो गये। बीएसी अंजली शर्मा तेनगुरिया ने कहा राष्ट्र की आत्मा से जन्मे कुछ शब्द कभी समाप्त नहीं होते, वे सदैव जीवित रहते हैं, पीढ़ियों तक गूंजते रहते हैं। वंदे मातरम वही जय घोष है। जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव ने इसका इतिहास बताते हुऐ कहा वर्ष 2025 में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होंगे। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मात्रम 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ था। कार्यक्रम को महेंद्र सिंह ठाकुर, पालक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष रश्मि पंथी, बालाराम महाराज, रामबाबू सोनी, रेखा विश्वकर्मा, चतर सिंह लोधी सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने स्वदेशी अपनाएं इस आशय का संकल्प सामूहिक रूप से लिया। वहीं शासकीय एसजीएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में प्रभारी डॉ. बीके प्रजापति के नेतृत्व में वंदे मात्रम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में देखा गया। इसके पूर्व 9:30 बजे वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गान किया गया। जिसमें महाविद्यालय स्टॉफ ने सहभागिता की। प्रधानमंत्री द्वारा वंदे मातरम के महत्व, उसकी ऐतिहासिकता व सांस्कृतिक पक्ष को रेखांकित किया गया। प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के एक-एक शब्द पर प्रकाश डाला एवं उनका महत्व बताया। भारत के राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित एवं संचालित करने में राष्ट्रीय गीत के महत्व को उनके द्वारा बताया गया। वंदे मातरम के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व दृष्टिगत रखते हुए वर्ष भर चार चरणों में कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। जिसमें प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर को (शुभारंभ) रहेगा। द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 तक (गणतंत्र दिवस) पर आयोजित किया जाएगा। तृतीय चरण में 7 से 15 अगस्त (हर घर तिरंगा अभियान) के साथ आरंभ होगा तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नंबर (समापन सप्ताह) के रूप में व्यापक रूप से आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार दुबे, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. बिंदेश शुक्ला, डॉ. कंचन वैद्य, राजेंद्र सिंह, डॉ. शिवानी बिश्नोई, डॉ. सपना श्रीवास्तव, घनश्याम चौकसे, हरि सैनी सहित एनएस एस के स्वयंसेवक अंजलि झा, शिवराज परिहार, रोशन कुशवाह आदि मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर पर भजन संध्या के साथ अन्नकूट महोत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कार्तिक माह में गिरिराज पूजन के साथ मंदिरों के अलावा सामाजिक संस्थाओं द्वारा कराए गए अन्नकूट महोत्सव के आयोजनों पर गत दिवस कार्तिक पूर्णिमा देव दिवाली को विराम लग गया। देव दिवाली पूर्णिमा के समापन पर नगर के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। चक्क हनुमान मंदिर पर अन्नकूट के साथ भजन संध्या का आयोजन हुआ। करीब तीन क्विंटल से बनी प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया। देर रात तक भजन संध्या आयोजित हुई जिसमें भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। राजेंद्र नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भी अन्नकूट की प्रसादी का वितरण भक्तों को किया गया। मालूम हो कि कार्तिक पूर्णिमा के समापन के साथ ही अन्नकूट का भी समापन हो जाता है। मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा ने बताया भक्तों के सहयोग से बुधवार को वार्ड नंबर 13 चक्क स्वरूप नगर स्थित बालाजी मंदिर पर विशाल अन्नकूट की प्रसादी का वितरण किया गया। हनुमान जी को चावल, कड़ी, पूड़ी और रामभाजी का भोग अर्पित किया गया। लगभग 3 क्विंटल की सामग्री से अन्नकूट की प्रसादी तैयार कराई गई थी। शाम 7 बजे से मंदिर परिसर में आयोजित हुई भजन संध्या में गायिका मिली कुशवाह ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या के साथ भक्तों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शुक्रवार को त्योंदा के संस्कृत भवन में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों द्वारा एसआईआर के संबंध में त्योंदा मंडल के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, जिला कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र मैना, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल, सुरेश दुबे, वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉक्टर सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, रामबल कुर्मी, दीपक यादव कस्बा बागरोद, गोविंद सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य अमित पटेल, वीरसिंह कुर्मी सहित त्योंदा क्षेत्र के अनेक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### युवक ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** गुरुवार को रात्रि के समय तिरंगा चौराहा के आगे बृजधाम कालौनी में 37 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक पिछले पांच वर्षों से लिवइन रिलेशनशिप में एक महिला और उसके दो बच्चों के साथ रह रहा था। युवक द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## नगर की बेटी सेजल नेमा का चयन सीए में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर की होनहार बिटिया सेजल पुत्री दीपक नेमा का चयन सीए में हो गया। सेजल के सीए में चयनित होने पर परिजनों ग्रामीणों सहित क्षेत्रवासियों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनायें दीं हैं। सेजल ने बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा से लेकर हायर सेकंडरी तक की शिक्षा स्कॉलर पब्लिक स्कूल में हुई। तत्पश्चात लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय से ग्रेजुएशन किया। इसके बाद इंदौर जाकर कोचिंग से सीए की तैयारी की। सीए की परीक्षा सितंबर में हुई थी जिसका परिणाम 3 नवंबर को आया जिसमें उसका चयन हो गया है। अब वह चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने के लिए पढाई करेगी।



## सिटी थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को परिजनों को सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है। दिनांक 4 नवंबर को फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अपहर्त बालिका की तलाश पतारसी के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं सूत्रों के आधार पर कार्रवाई करते हुए दिनांक 5 नवंबर को बालिका को भगत सिंह वार्ड, गुना से सकुशल दस्तयाब किया गया।

बालिका के कथन न्यायालय में कराए गए तथा उसे विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, अखिलेश राजावत, शिवप्रताप, शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही।

### एसजीएस ग्राउंड में हो रहा लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट

# योगी जलवा, आफको, ओल्ड स्ट्राइकर ने जीते क्रिकेट मैच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में क्रिकेट ग्राउंड में लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट के तीन मुकाबले खेले गए। इन मैचों में योगी जलवा, आफको और ओल्ड स्ट्राइकर की टीमों ने जीत दर्ज की। दिन का पहला मुकाबला योगी जलवा और डी स्टार के बीच हुआ। डी स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए। जवाब में, योगी जलवा ने 9 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। नितिन गुप्ता को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच मीडिया लीजेंड और आपको के बीच खेला गया। मीडिया लीजेंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 129 रन बनाए। जीतू यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें विक्की परिहार और सुनील चक्की ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। 73 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें 9 छक्के और चार चौके शामिल थे। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दिन का तीसरा और अंतिम मुकाबला खेड़ापति 11 और ओल्ड स्ट्राइकर के बीच हुआ। खेड़ापति 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 86 रन बनाए, जिसमें आशीष दुबे ने 37 रनों का योगदान दिया। 87 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ओल्ड स्ट्राइकर की टीम ने मिलकर रन बनाए और मैच जीत लिया। इस मैच में आदित्य श्रीवास्तव को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### गुड टच बेड टच से अवगत कराया

**गंजबासौदा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक अशासकीय स्कूल में विशेष मुस्कान अभियान के अंतर्गत चेतना शिविर आयोजित किया गया। जिसमें एसडीओपी शिखा भलावी उपस्थित रहीं। एसडीओपी ने विशेष तौर पर बालिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी एवं कानूनी अधिकारों के विषय में अवगत कराया। साथ ही अन्य आपातकालीन सहायता नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1098 एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों जैसे बाल विवाह, साइबर क्राइम एवं वर्तमान में बढ़ते सोशल मीडिया के दुरुपयोग और दुष्परिणामों के विषय में अवगत कराया गया एवं बालक बालिकाओं से अन्य सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों पर परिचर्चा कर मार्गदर्शन दिया गया।

## पटाखे फोड़ने वाली बुलट बाइक ई-रिक्शा चालकों से लोग परेशान



**गंजबासौदा।** इन दिनों नगरवासी पटाखे फोड़ने वाली बुलट बाइक और नगर में संचालित हो रहे ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से पैदल राहगीर, दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि नगर में ऐसी अनेक बुलट बाइक हैं जिन्हे नाबालिगों की गैंग दिन एवं रात्रि के समय में तेज गति से दौडाती है। इन बाइकों के मोडिफाइड सायलेंसरों से पटाखे की आवाज निकाली जाती रहती है। नगर के मुख्य मार्गों, शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज ग्राउण्ड, मिल रोड से युवा पटाखे फोड़ते हुए गुजरते हैं। जिससे बच्चों, बुजुर्गों एवं मरीजों को खासी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उधर नगर में दिनों दिन ई रिक्शा की संख्या बढ़ रही है, जिन्हें नाबालिग भी तेज गति से चला रहे हैं, ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी न होने के कारण आए दिन वाहन दुर्घटनाएं घटित हो रहीं हैं। जागरूक नागरिकों ने यातायात पुलिस एवं प्रशासन से ई रिक्शा चालकों एवं पटाखे फोड़ने वाली बुलट बाइक के चालकों पर शीघ्र और सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### जैन मंदिर में हो रहे कार्यक्रमों में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का अष्टानिका महापर्व पर आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का अष्टानिका महापर्व में हुआ। इस भव्य आयोजन में संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य गुरुवर सी 1 विद्यासागर जी महाराज नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज,मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज,नगर गौरव श्री 108 निर्णय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर की में अष्टानिका महापर्व में सिद्ध चक्र महामंडल का विधान का भव्य आयोजन हुआ।

जिसमें सभी समाज जनो ने भाग लेकर असीम पुण्य कमाया। वही रमेश चंद,श्रीमती मुन्नी बाई जैन,राजीव जैन गुलाबगंज परिवार द्वारा मुख्य रूप से पुण्य अर्जित किया गया। विधान का मंगल निर्देशन ब्रह्मचारी जीतू भैया,पंडित बागमल जैन एवं नगर गौरव ब्रह्मचारिणी बहिने पूज्य माताजी एवं ब्रह्मचारिणी बहन नेहा दीदी,दिशा दीदी के मंगल सानिध्य में भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य पात्र बनने का सौभाग्य सौधर्म इंद्र डॉ राजीव जैन बंटी एवं महायज्ञ नायक महेंद्र जैन एवं पुण्यार्जक परिवार राजीव जैन,संदीप जैन राहुल जैन भूपत मुख्य पात्र बने।

महायज्ञ नायक एवं श्रावक श्रेष्ठी प्रमेद्र जैन, मनीष जैन भौरिया, शरद जैन भूपत, कपिल जैन प्याराखेड़ी, राजकुमार जैन गुरधानी, प्रवीण जैन भूपत, अनिल जैन, अशोक जैन अग्गा, सुरेश चंद जैन, राजकुमार गुलाबगंज परिवार एवं राजीव जैन सैनानी परिवार द्वारा एवं अन्य सभी सकल दिगंबर जैन समाज जन आठ दिवस भाव पूर्ण धर्म मय विधान हुआ। जिसमें प्रत्येक दिन प्रात काल भगवान का अभिषेक शांति धारा पूजन उसके पश्चात श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन हुआ। संध्या में भगवान की महाआरती एवं शास्त्र वाचन का कार्यक्रम रहा।

वही अंतिम दिवस विधान संपूर्ण होने के पश्चात हवन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सभी पात्रों द्वारा व सभी इंद्र इंद्राणी द्वारा हवन कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। उसके पश्चात सभी लोगों का वात्सल्य भोज का आयोजन व समापन पर श्री 1008 बड़ा मंदिर ट्रस्ट द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। वही आगामी समय में इसी तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे। उक्त जानकारी महामंत्री जितेंद्र जैन बब्लू द्वारा दी गई।

### राष्ट्र सेविका समिति नवोत्थान ने निकाला पथ संचलन

# महिला परिवार के साथ ही होती है समाज के लिए धुरीः कृष्णा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राष्ट्र सेविका समिति नवोत्थान द्वारा पथ संचलन का निकाला गया। नगर के छत्री नाका चौराहा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ हुए पथ संचलन में सिरोंज नगर की बालिका,तरुणी,किशोरी और महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी। पथ संचलन आरम्भ होने के पूर्व अध्यक्षता कर रहीं शिक्षिका कृष्णा श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में सभी बहनों को बधाई देते हुए कहा कि महिला ही परिवार की,समाज की धुरी होती है और आज के समय में राष्ट्र के सर्वोच्च आसन पर भी महिला ही है। मुख्य वक्ता के रूप में विदिशा विभाग की सह कार्यवाहिका श्रीमती रश्मि ताम्रकार ने अपने वक्तव्य में बताया की इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयं संघ शताब्दी वर्ष के साथ साथ, राष्ट्र सेविका समिति के भी 90 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। समिति व संघ पंच परिवर्तन का ध्येय लेकर समाज में कार्य कर रहे हैं। पंच परिवर्तन में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य एवं कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर जोर दिया जा रहा है। वन्दनीय मौसी ने जीजा बाई से मातृत्व, अहिल्या बाई से कृतत्व और लक्ष्मी बाई से नेतृत्व की प्रेरणा लेना चाहिए ऐसा मार्गदर्शन किया है। सिरोंज नगर कार्यवाहिका श्रीमती अर्चना चौहान ने कार्यक्रम की प्रस्तावना में सिरोंज और आस पास क्षेत्रों में समिति द्वारा हो रहे आयोजनों के विषय में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि नवोत्थान पथ संचलन के यह द्वितीय वर्ष है। नगर और आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर लगभग दैनिक-साप्ताहिक 6 शाखा चल रही हैं जिसमें हर आयु वर्ग की बहनें सम्मिलित होती हैं। साथ ही राष्ट्र सेविका समिति का परिचय देते हुए बताया कि समिति को 90 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। पथ संचलन में विभिन्न आयु वर्ग की लगभग 150 बहनों ने अपनी भागीदारी दी।



## नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह का सागर आगमन पर किया स्वागत

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह के शुक्रवार को सागर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने स्वागत कर भेंट की। भेंट वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह को नव दायित्व के लिए बधाई दी एवं विभिन्न सांगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान भाजपा नेत्री निवेदिता रत्नाकर उपस्थित रहीं।

## अक्षय और अभिलेश ने रचा इतिहास एवरेस्ट बेस कैंप पर लहराया तिरंगा

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के लिए गौरवशाली खबर है। जिले के दो जांबाज़ युवा पर्वतारोहियों शाहगढ़ के अक्षय जैन और बसारी गांव के अभिलेश सिंह राजपूत ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए माउंट एवरेस्ट के दक्षिणी बेस कैंप तक सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की है। सागर जिले की ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले इन दोनों युवाओं ने 17,598 फीट (लगभग 5364 मीटर) की चुनौतीपूर्ण ऊँचाई पर पहुँचकर 2 नवंबर को भारतीय तिरंगा फहराकर जिले का नाम रोशन किया है। अक्षय और अभिलेश ने 26 अक्टूबर को अपने अभियान की शुरुआत की थी। यात्रा शुरू होते ही पहाड़ों पर मौसम ने करवट बदल ली। भारी बर्फबारी और तेज हवाओं ने कदम-कदम पर उन्हें चुनौती दी। जैसे-जैसे ऊँचाई बढ़ती गई उनकी साँसें भारी होने लगीं और हालात कठिन होते गए। लेकिन इन युवाओं ने बताया, ₹भारत की शान तिरंगे को वहाँ ले जाने की भावना₹ ने उन्हें पीछे नहीं हटने दिया। 8 दिन की कठिन और बर्फीली यात्रा के बाद उन्होंने अपने संकल्प को पूरा किया और विश्व की सबसे ऊँची चोटी के बेस कैंप पर इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति के सामने हर मुश्किल पहाड़ छोटा पड़ जाता है।

## जीवन में संशय नहीं विश्वास से ही बड़ा बना जा सकता है : भगवतानंद गिरी महाराज

**रहली।** स्थानीय श्रीवास्तव बाड़ा में चल रही श्री राम कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास भगवतानंद गिरी जी महाराज ने राम कथा महात्म का वर्णन करते हुए बताया कि जिस दिन कथा वाचक में कमी दिखने लगे,तो कथा हृदय में नहीं बैठ सकती,रामायण का प्रसंग सुनाते हुए कहा शिव जी के साथ सती माता जब मुनि अगस्त के यहां कथा सुनने पहुंची तो अगस्त जी ने शिव जी का पूजन किया,इस बात से सती माता को संदेह हुआ कि कथा वाचक से मेरे पति बड़े हे अब इनसे कथा क्या सुनना और राम कथा नहीं सुनी।

# क्षेत्र की ग्रामीण सड़कें बदहाल सुधारने मरम्मत की दरकार

### वाहनों पर जोखिम भरा सफर, प्रसूताएं हैरान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अलावा पीएम सडक्र योजना, मुख्यमंत्री सडक्र योजना, ग्राम सडक्र योजना के अंतर्गत वर्षों पूर्व सडक्रों का निर्माण हुआ वर्षों से क्षेत्र की अधिकांश सडक्रों की मरम्मत सुधार के प्रति बनी उदासीनता से अत्याधिक क्षतिग्रस्त गड्डो ही गड्डो से छलनी सडक्रों पर ग्रामीणों को जोखिम भरा सफर करना मजबूरी बन रहा है। खस्ता हाल सडक्रों पर दो पहिया वाहन बिगड़ जाए टायर पंचर हो जाए अनिश्चितता का जोखिम बना रहता है।



ग्रामीण मार्गों के क्षतिग्रस्त होने के साथ पानी कीचड़ भी बना रहता है। सैकड़ों ग्रामों को जोडऩे वाली प्रमुख सडक्रों के किनारे बसे ग्रामों की गर्भवती प्रसूता महिलाओं को सुरक्षित ढंग से अस्पताल आना-जाना भी हमेशा जोखिम भरा बना रहता है। ग्रामीण सडक्रों की तत्काल मरम्मत व्यापक स्तर पर सुधार की मांग जोर पकड़ रही है।

**बदहाल गड्डों भरी सड़कें**

बरेली से छींद धाम पहुंचने वाली दोनों प्रमुख सडक्रों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। मंगलवार शनिवार को हजारों श्रद्धालु आवा गमन की असुविधा और गड्डो में तब्दील सडक्रों के माध्यम से छींद धाम पहुंचते हैं छुछाहर, खेरवाड़ा , जामगढ़ भगदेही, कामतोन मेहरागांव मार्ग बरेली गगनवाड़ा चैनपुर मार्ग, बाग पिपरिया से ऊंटिया छावारा मार्ग, नर्मदा पुल से मांगरोल सतरावन डूमर घाट पिपरिया मार्ग, बरेली से बगलवाडा मार्ग, बरेली से गुरारिया मगरदा मार्ग, समनापुर से लांजी अकोला मोतलसिर मार्ग, चारगांव से मोकलवाड़ा समनापुर काछी मार्ग सहित अन्य मार्गों पर गड्डे ही गड्डे और अत्यधिक क्षतिग्रस्त सडक्रें होने से ग्रामीणों को जोखिम भरा सफर करना मजबूरी बना हुआ है।

### सुरक्षा व्यवस्था के लिए सौंपा ज्ञापन

# हॉकी मैदान के पास 1 मैदान में संचालित चार छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कन्याशाला रोड, हॉकी मैदान के पास, पीएमश्री मिडिल स्कूल के प्रांगण परिसर में चार छात्रावासों का संचालन आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। छात्रावास में निवास करने वाली छात्राओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर एसडीएम संतोष मुदगल को ज्ञापन सौंपते हुए छात्रावास में चौकीदार नियुक्त करने सीसीटीवी केमरा लगाये जाने क्षतिग्रस्त बाउन्डी बाल की मरम्मत करने जैसी मूलभूत समस्याओं को हल करने ज्ञापन सौंपा गया।

छात्रावास में अक्सर बाहरी लोग घुस जाते है। पिछले दिनों एक छात्रावासी छात्रा का मोबाइल चोरी हो गया। छात्रावास में चौकीदार कर सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। छात्रावासों




की अधीक्षिकाएं छात्रावासों में ही निवास नहीं करती।

कर्मचारियों के भरोसे छात्रावासों की व्यवस्थाएं बनी रहती है। रात में बिना सीसीटीवी केमरों की निगरानी, बिना चौकीदार, अधीक्षिकाओं के छात्रावासी छात्राओं को भय के माहौल में रातें बितानी पडती है। इन्ही सब विषयों को लेकर असुरक्षा भावना से ग्रसित छात्राओं द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया और समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की।

# ठंडने पकड़ा जोर, गिरने लगी ओस, बाहर निकले गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

आसमान मे हल्के बादलों का डेरा बना रहने के साथ एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। दिन और रात का तापमान कम होने के साथ ठंड का दौर शुरू हो गया है। सुबह हल्की ओस गिरना भी शुरू हो गई है। इसी के साथ हल्का कोहरा छाने और धुंध की स्थिति भी बन रही है।

पिछले दिनों लगातार आसमान में बादल छाये रहने के साथ बारिश भी हुई, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में धान की फसलें प्रभावित और धान की कटाई बंद हो जाने की स्थिति बनी। मौसम साफ हुआ तो धान की कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। गांव-गांव किसान और ग्रामीण सिर्फ धान की कटाई पर ध्यान दे रहे है। इसी के साथ रवि फसलों के लिए खेतों की बखरनी कर तैयार किया जा रहा है।

### सुबह हल्का कोहरा, धुंध भी छा रही



**जोरदार ठंड की उम्मीद**

भले ही ठंड का मौसम शुरू होने में हफ्ता 10 दिनों का बिलंब मौसम खराब होने के कारण हुआ है। जिस प्रकार तापमान में गिरावट के साथ ठंड ने जोरदार दस्तक दी है, उससे कूलर पंखों का उपयोग बंद और गर्म कपडो की पूछ परख और उपयोग शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में ओर अधिक ठंड बढऩे की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### उदयपुरा विधानसभा के 308 मतदान केंद्रों पर 60 प्रतिशत से अधिक हुआ कार्य

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण जारी, घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

### दो फार्म भरें एक अपने पास रखकर करें बीएलओ का सहयोगः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। शुक्रवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम संतोष मुदगल ने किसान सभा कक्ष में नगर के बीएलओ एवं पत्रकारों के साथ संवाद चर्चा करते हुए हो रहे मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की जानकारी देते हुएब कहा कि घर-घर बीएलओ पहुंच रहे है। विधानसभा के 308 मतदान केन्द्रों पर 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है, और जिले में दूसरा स्थान है।

एसडीएम संतोष मुदगल ने एप पर जानकारियां भरनें में आ रही परेशानियों का जिक्र करते हुए उनकें समाधान की जानकारी भी विस्तार से दी। कहा कि 308 बीएलओ में से 60 बीएलओ का कार्य 60 प्रतिशत से कम है, तो कुछ केन्द्रों पर 80 प्रतिशत से अधिक कार्य हो गया है। बैठक के दौरान ठीक ढंग और तेज गति से कार्य न करने वाले बीएलओ को फटकार लगाई वही जिन्होंने अच्छा कार्य किया उनकी प्रसंशा करते हुए बताया कि दो बीएलओ गंभीर बीमार होने के बाद भी अच्छा कार्य कर रहे है, जिनकी निर्वाचन कार्य के प्रति लग्न प्रसंशनीय है।

◆ *अच्छा कार्य करने वालों की प्रशंसा, ढिलाई पर लगाई फटकार*




कहा कि कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान ठीक कार्य या लापरवाही बरतने वालें बीएलओ के प्रति कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए है, सभी बीएलओ को ठीक से कार्य प्रगति करने और लापरवाही पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी। नगर के 26 मतदान केन्द्रों से 14 पर औसत से कम कार्य हुआ है।

**बीएलओ को सहयोग की अपील**

एसडीएम संतोष मुदगल ने पत्रकारों से भी सहयोग का आग्रह किया कहा कि घर-घर बीएलओ 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची के साथ पहुंच रहे है। मतदाताओं से दो प्रतियों में फार्म भरने और एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखने की अपील की। पत्रकारों ने भी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण मे सहयोग का भरोसा दिया।

### नशा से दूर रहने की राज्यमंत्री ने दिलाई शपथ

# बाग पिपरिया में ग्राम चौपाल के दौरान छाया रहा अवैध शराब बिकने का मुद्दा

◆ महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन, शराब बैंचने वालों को सिखायें सबक- राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बाड़ी विकासखंड एवं तहसील के ग्राम बाग पिपरिया में लगी ग्राम चौपाल कार्यक्रम के दौरान आधा दर्जन से अधिक ग्रामों की महिलाओं द्वारा कलेक्टर एवं क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल को ज्ञापन सौंप कर गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब बिक्री बंद करने की मांग की।

राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने गांवों में अवैध रूप से शराब बैंचने वालों को सबक सिखानें का कहा, बाकि में संभाल लूंगा। अवैध शराब बिकने विरूद्ध महिलाओं के आगे आने की राज्यमंत्री पटेल ने प्रसंशा की और कार्यक्रम के दौरान नशा से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। वही पुलिस ने शराब बिक्री का विरोध करने वालों का साथ देने के निर्देश दिए।




**पीएम आवास के लिए मिले नर्मदा रेत -**

ग्राम बाग पिपरिया के पीएम आवास के हितग्राही हलकोरी कहार ने महंगी नर्मदा रेत की समस्या रखी। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को भी बताया, हलकोरी कहार को राज्यमंत्री पटेल ने मंच पर बुलाया और कहा कि पीएम आवास के लिए कोई भी व्यक्ति स्वंय नदी या नर्मदा से तय रायल्टी देकर रेत ला सकता है। ऐसी व्यवस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**50 लाख के कार्यो का शिलन्यास लोकापर्ण -**

राज्यमंत्री पटेल ने ग्रापं. बाग पिपरिया में 50 लाख रू. से अधिक के विधायक निधी से होने वाले कार्यो का लोकापर्ण और भूमि पूजन किया गया। ग्राम चौपाल के दौरान एक बालिका आराध्या ने अपनी फीस माफ करने की मांग रखी। राज्यमंत्री पटेल ने उस बालिका की पढाई का खर्च म.प्र. शासन द्वारा उठानें की घोषणा की गई।

कुपोषण का दंशः उम्र के अनुसार नहीं हो पा रहा बच्चों का सही विकास

# सात माह में जिले में मिले साढ़े 7 हजार अति कुपोषित बच्चे, 150 से अधिक बच्चे हुए भर्ती

◆ सरकारी प्रयासों का जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा है कोई अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में बच्चों में कुपोषण अति कुपोषण का कलंक मिटने का नाम नहीं ले रहा है। यही वजह है कि जिले के पोषण पुनर्वास केंद्रों में 150 अति कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में सिलवानी, बाड़ी सहित बरेली, गौहरगंज, सुल्तानपुर, गैरतगंज से कुपोषण के शिकार बच्चें आ रहे हैं। भर्ती बच्चों में उम्र अनुसार सही विकास नहीं हो रहा है। इसके साथ खून की कमी, कम वजन, उम्र के हिसाब से हाइट नहीं बढ़ रही है।

सरकारों द्वारा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर बेहतर प्रयास नहीं हो रहे हैं। बीते कुछ सालों में ही कुपोषित बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल के 20 बिस्तर पोषण पुर्नवास केन्द्र में 0 से 5 साल के शहर सहित जिले से कुपोषित बच्चे भर्ती किए जा रहे हैं। लगातार निगरानी के बाद भी संख्या बढ़ती ही जा रही है। बीते 4 सालों के आंकड़े यही बता रहे हैं।

### डॉक्टरों ने बताए कुपोषण के कारण

जिला अस्पताल आरएमओ डॉ.एलके गुर्जर ने बताया कि बच्चों में कुपोषण बढ़ने के कई कारण हैं। सिंगल पैरेटिंग, अभिभावक का वर्किंग होना, मोबाइल एडिक्शन, जंक फूड आदि कई कारण हैं। जिला अस्पताल में कई बच्चे ऐसे आते हैं जो कुरकुरे या अन्य पैकिंग की चीज के बगैर खाना ही नहीं खाते। कई बच्चे मोबाइल देखकर ही खाना खाते हैं। पोषण पुनर्वास केन्द्र में आने वाले बच्चों का 60 दिन में चार फॉलोअप लिया जाता है।

### प्री-मैच्योर डिलीवरी भी एक कारण

जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक राय ने बताया कि बच्चों के कुपोषित होने के कई कारण हैं। इनमें प्रमुख तौर पर प्री-मैच्योर डिलीवरी भी एक कारण है। अन्य कारणों में माता-पिता में अवेयरनेस नहीं होना, बच्चों को पौष्टिक आहार की बैलेंस सीट फॉलो नहीं करना, एनिमिया इसके साथ ही शिक्षा का अभाव भी है।



## हरिभूमि इन्वेस्टिगेशन में खुला कुपोषण का सच...

### 5 साल के होते ही 2512 कुपोषित बच्चों को रिकॉर्ड से हटा दिया

रायसेन जिले में 3 साल पहले कुपोषित बच्चों की संख्या 4068 थी, जो आज बढ़कर 7500 हो चुके हैं। दरअसल जिले पर कुपोषण का कलंक सालों से है और विभाग कलंक मिटाने के लिए कुछ न कुछ प्रयास कर भी रहा है। लेकिन इसके लिए सरकारी रिकॉर्ड में आंकड़ों की जो बाजीगरी हो रही है, वो हैरान करने वाली है। बात आदिवासी बाहुल्य रायसेन जिले की, जहां सबसे ज्यादा कुपोषित बच्चे हैं। हरिभूमि की टीम ने जब जिला प्रशासन के दावों की पड़ताल की तो पता चला कि 2512 कुपोषित बच्चों ने जैसे ही 5 साल की उम्र पार की, अफसरों ने उन्हें रिकॉर्ड से बाहर कर दिया। इस तरह आधे से ज्यादा कुपोषण एक झटके में खत्म। नए कुपोषित बच्चों को रिकॉर्ड में लिया ही नहीं।

जिले के गैरतगंज, सिलवानी और बाड़ी, गौहरगंज, सुल्तानपुर तहसीलों की आदिवासी बाहुल्य गांव की बस्तियों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के अनुसार वहां बच्चे कुपोषित हैं, लेकिन इनमें से एक भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है।

रायसेन जिले की कई आंगनबाड़ियों में कुपोषण नापने के लिए जरूरी उपकरण जैसे- वजन मशीन और लंबाई के लिए स्केल तक उपलब्ध नहीं है। कई जगह तो रजिस्टर खाली पड़े हैं। कुछ आंगनवाड़ी तो ऐसी भी मिलीं, जिन्हें कार्यकर्ता ने 2500 रु. महीने पर ठेके पर दे रखा है। यही कारण है कि प्रशासन के रिकॉर्ड में साल 2020 में जन्म लेने वाले 176 बच्चे कुपोषित थे तो 2021 में ऐसे 19 ही हुए।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल में पहुंचकर एनआरसी वार्ड का किया औचक निरीक्षण



**रायसेन।** कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार को जिला अस्पताल में स्थित एनआरसी वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एनआरसी वार्ड में भर्ती बच्चों के बारे में जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सीएमएचओडॉ एचएन मांडरे सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश जैन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक रायआरएमओ एलएन गुर्जर की संक्षिप्त बैठक लेकर एनआरसी के सुदृढ़ीकरण और व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी कार्यकताओं मैदानी अमले को कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन और पोषण आहार आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए।

कलेक्टर साहब जरा एक नजर इधर भी

## स्तूप परिसर से सटे प्रतिबंधित क्षेत्र में पत्थर ठेकेदार करवा रहा मुरम-कोपरा का उत्खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तहसील रायसेन के घाट पिपरिया के समीप मूरेलखुर्द में सफेद पत्थर ठेकेदार प्रद्युम्न सिंह चौहान की खदान संचालित है। खदान 4 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में संचालित है, जिसकी लीज अवधि 4 मार्च 2032 तक है। बताया जाता है कि यह पत्थर खदान मंडीदीप के किसी चौकसे को किराए पर दी गई है।

वर्तमान ठेकेदार के मैनेजर प्रदीप राय अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में लीज की खदान से अलग हटकर पहाड़ के ऊपर क्षेत्र से अवैध रूप से मुरम बोल्डर का मशीनों से उत्खनन कर सागर के पीडब्ल्यू सड़क ठेकेदार को डंपरों में लोड कर जमकर सप्लाई कर कमाई करने में जुटे हुए हैं। जबकि यह बताया जा रहा है कि युक्त पहाड़ प्रतिबंधित क्षेत्र है। यहां पुरातत्व महत्व की धरोहर बौद्ध स्तूपों की श्रंखला विधमान है। यहां रोजाना देश विदेश से कई पर्यटक घूमने के लिए आते है। आखिर इस प्रतिबंधित क्षेत्र में जिला माइनिंग विभाग के अधिकारियों द्वारा पत्थर खदान की लीज किस आधार पर दे दीं है।


पूर्व में केंद्रीय पुरातत्व विभाग के वरिष्ठ अधिक्कारियों द्वारा इस खदान ठेकेदार को नोटिस भी भेजा था। नियम कायदों को ताक पर रखकर ठेकेदार द्वारा बगैर अनुमति के पहाड़ और खदान में ब्लास्टिंग किया जा रहा है। यहां के पत्थर के टुकड़े आम रास्ते पर उचट कर गिर जाते हैं। जो किसी दिन किसी बड़े हादसों को जन्म दे सकता है।

**कार्रवाई करेंगे**

इस मामले को आपने मेरे संज्ञान में लाया है। टीम को मौके पर भेजकर जांच करवा कर दोषी खदान ठेकेदार पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

- **महेंद्र पटेल,** जिला माइनिंग अधिकारी रायसेन।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को मप्र लघु वेतन संघ जिला ईकाई के बैनर तले ज्ञापन उनकी 15 सूत्रीय विभिन्न मांगों को लेकर दिया गया है। यह ज्ञापन मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला इकाई रायसेन के अध्यक्ष रामबाबू लोधी रामस्वरूप रैकवार के नेतृत्व में दिया गया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रथम चरण में आंदोलन किया जाएगा। शुक्रवार को दोपहर कर्मचारी एकजुट होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जहां डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमें चेतावनी देते कहा देते हुए कहा है कि यदि उनकी जायज मांगे नहीं मानी गईं तो चरण भर आंदोलन किया जाएगा। यह ज्ञापन प्रदेश के सभी 55 जिलों में जिला मुख्यालय पर सौंपा गया है।

ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के तहसील अध्यक्ष बरेली गिरधारी लाल शिल्पी, मोहर सिंह, दीवान सिंह यादव, जिला अध्यक्ष उदयभान सिंह मुंशीलाल, महेश कुमार, भागीरथ सिंह चंदन सिंह, पन्नालाल, खुमान सिंह, मनोज यादव, मनोज सेन तथा माधौ सिंह धाकड़ आदि शामिल रहे।

## जिला कांग्रेस किसान अध्यक्ष ने खाद वितरण व्यवस्था पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी


खाद्य वितरण केंद्र दलालों और दलाली का अड्डा बन गया, जिससे खाद वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसान खाद के लिए भूखा प्यास नगर की सड़कों पर घूम रहा है, कब आएगा नंबर आएगा नहीं आएगा चिंता सता रही है। क्योंकि वितरण व्यवस्था दलालों के हाथ में पूरी तरह सिमट गई है। अधिकारियों ने अपने दलालों को टोकन सिस्टम में शामिल कर लिया गया है यह सिस्टम गड़बड़ी का बड़ा उदाहरण है। यह सिस्टम नौकरशाही के लिए कमाई और किसानों लिए आफत बन गया है।



क्षेत्र के किसानों ने जिला कांग्रेस किसान की बैठक में खाद्य वितरण व्यवस्था को सुधारने का मामला उठाया। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ठा. रणजीत सिंह ने किसानों की बात उठाते हुए तहसीलदार से लंबी चर्चा की। किसानों की समस्या सिस्टम को पारदर्शी और सरल बनाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि टोकन सिस्टम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है यह दलालों और अधिकारियों के लिए संजीवनी बना हुआ है। टोकन सिस्टम पारदर्शी नहीं सरल पारदर्शी नियम बनाए जाएं जो किसानों को सुविधा दे सके।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ठा. मनीष सिंह, ताराचंद साहू, भगवानदास चौहान, रामाधार शर्मा, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## धान कटाई... मजदूर नहीं मिलने से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में इस बार मजदूरों की भारी कमी देखी जा रही है। धान और सोयाबीन की कटाई का समय होने के बावजूद स्थानीय मजदूरों की अनुपलब्धता से किसान परेशान हैं। मजबूर होकर किसानों ने बाहर से मजदूर बुलाए हैं ताकि समय पर फसल कटाई पूरी की जा सके।

किसानों का कहना है कि खेतों में खड़ी फसल पक चुकी है, लेकिन मजदूर नहीं मिलने से कटाई में देरी हो रही थी।

लेकिन खेतों में मजदूरों की भारी कमी से किसान परेशान हैं। मजदूरों को बुलाने के लिए उन्हें अब किराया, भोजन और रहने तक की सुविधा देनी पड़ रही है।



फसल कटाई के इस सीजन में भोपाल, सागर, राजगढ़, सीहोर और विदिशा जैसे जिलों से रोजाना सैकड़ों मजदूर दीवानगंज पहुंच रहे हैं। किसान अपने वाहनों से इन्हें खेतों तक लेकर जा रहे हैं। कई मजदूर रेलवे स्टेशन और फैक्ट्री चौराहे पर ही काम की तलाश में पहुंचते हैं, जहां किसान और ठेकेदार उन्हें सीधे खेतों में ले जाते हैं।

मजदूरों ने बताया कि अपने जिलों में जहां उन्हें 300 रुपए मजदूरी मिलती है, वहीं यहां 500 से 600 रुपए के साथ भोजन और यात्रा खर्च भी दिया जाता है। कई मजदूर अगले दो महीनों तक यहीं रहकर काम करेंगे।

◆ *सोयाबीन एवं धान कटाई के लिए किसान बाहर से बुला रहे मजदूर, देना पड़ रही अधिक मजदूरी*

### *कटाई अब मजदूरों पर निर्भर*

*किसानों का कहना है कि अब फसल कटाई पूरी तरह मजदूरों पर निर्भर है। मजदूरों की कमी से फसल खेतों में खड़ी है, इसलिए उन्हें मुंह मांगे दाम देकर काम करवाना पड़ रहा है। कई जगह किसान मजदूरों को खेतों पर ही ठहराकर सारी सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। बाहर से आए मजदूरों को रोजाना मजदूरी के हिसाब से काम दिया जा रहा है। खेतों में अब दिन-रात कटाई का दौर चल रहा है।*

वंदे मातरम का 150वां स्मरणोत्सव कार्यक्रम में राज्यमंत्री पटेल बोले-

## भारत की आत्मा का अमर स्वर है 'वंदे मातरम्'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सांची रोड स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" का 150वां स्मरणोत्सव कार्यक्रम का स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांची जनपद अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, एसपी पंकज पांडे तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

श्री पटेल ने कहा कि वंदे मातरम्' गीत भारत की आत्मा का अमर स्वर है। श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा रचित "वंदे मातरम्" ने भारत के लोगों में स्वतंत्रता की चेतना जगाई, क्रांतिकारियों के हृदय में मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान की भावना भर दी। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध यह उद्घोष जन-जन के होंठों से निकलकर स्वतंत्रता का शंखनाद बन गया। असंख्य वीरों ने वंदे मातरम् की गूंज के साथ अपने प्राणों की आहुति देकर माँ भारती के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पित किया।




### 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का अवसर मना रहे

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज जब हम 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का पावन अवसर मना रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह गीत पुनः जन-जन के मन में राष्ट्रभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह समारोह, भारत सरकार के निर्णय के अनुरूप, राष्ट्रगीत के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी ओजस्वी भूमिका और हमारी सांस्कृतिक विरासत में इसके अमूल्य महत्व को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सविता सेन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन का लाईव प्रसारण भी देखा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एएसपी कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### मैराथन को दिखाई हरी झंडी

पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम" का 150वां स्मरणोत्सव कार्यक्रम के उपरांत स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा मिनी मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह मिनी मैराथन पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए महामाया चौक पर समाप्त हुई।

### राज्य मंत्री ने किया पौधारोपण

पुलिस परेड ग्राउण्ड में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा छात्रों के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर, एसपी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष शर्मा द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

### राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांची जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पोर्ते, नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर, एसपी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शर्मा सहित अधिकारियों, नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का सामूहिक गायन किया गया।

## नगर विकास समिति ने ज्ञापन सौंपकर स्वच्छता प्रभारी बदलने की उठाई मांग

◆ नगर की स्वच्छता व्यवस्था और बढ़ती अशांति को लेकर समिति व लोगों ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर विकास समिति सिलवानी ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। शुक्रवार को समिति के संयोजक विनय जैन ने एसडीएम हर्षल चौधरी को एक आवेदन सौंप कर नगर परिषद सिलवानी की वर्तमान स्वच्छता प्रभारी माया चंदेल को उनके मूल पद भृत्य पर वापस नियुक्त करने की मांग की।

एसडीएम को दिए आवेदन में समिति ने उल्लेख किया है कि जब से माया चंदेल को नगर परिषद में स्वच्छता प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है, तब से नगर में अशांति और विवाद का माहौल बना हुआ है। प्रतिदिन किसी न किसी प्रकार का टकराव या असहमति की स्थिति उत्पन्न होती रहती है, जिससे नगर की शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।




### शीघ्र निराकरण की मांग

विनय जैन ने आवेदन में मांग की है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करते हुए माया चंदेल को वर्तमान स्वच्छता प्रभारी पद से मुक्त करे और उन्हें उनके मूल पद भृत्य पर पुनः पदस्थ किया जाए, ताकि नगर की शांति एवं कार्यप्रणाली सामान्य रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर नगर विकास समिति के अन्य सदस्य कमलेश, राकेश ठाकुर और मोहित भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी इस मुद्दे पर एसडीएम को मौखिक रूप से अवगत कराते हुए नगर के हित में शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।